(ग) उन पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है और यदि अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है तो उसके क्या कारण हैं?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी॰ एम॰ इब्राहीम): (क) और (ख) सरकार को राष्ट्रीय चैनल, आकाशवाणी, नई दिल्ली के कुछ कर्मचारियों एवं अधिकारियों से केन्द्र के प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ घोर निरंकुशता, भ्रष्टाचार, ड्यूटी के प्रति लापरवाही और वित्तीय अनियमितता के तथाकथित आरोप संबंधी एक संयुक्त अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है।

(ग) शिकयतों की जांच करवायी गयी थी। तथापि, चूंकि यह प्रथम दृष्टया मामला सिद्ध नहीं हुआ था, अत: मामले को समाप्त समझा गया है।

आकाशवाणी, दिल्ली के कार्यक्रम अधिकारियों का स्थानांतरण

393. **श्री गोविन्दराम मिरी:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आकाशवाणी, दिल्ली के कितने कार्यक्रम अधिकारियों को कहां-कहां पर 1996 के दौरान स्थानांतरित किया गया;

(ख) इनमें से कितने अधिकारियों ने उन स्थानों पर अपना कार्यभार संभाल लिया है जहां उन्हें स्थानांतरित किया गया था; और

(ग) उन अधिकारियों का ब्यौरा क्या है जिन्होंने उन स्थानों पर अपना कार्यभार नहीं संभाला है जहां उन्हें स्थानांतरित किया गया था और उसके क्या कारण हैं?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी॰ एम॰ इब्राहीम): (क) विवरण में दिए गए ब्यौरों के अनुसार 1996 के दौरान आकाशवाणी दिल्ली में कार्यरत 11 कार्यक्रम निष्पादकों को स्थानान्तरित किया गया था (नीचे देखिए)

(ख) इन 11 कार्यक्रम निष्पादकों में से 6 ने पहले ही अपने संबंधित तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

(ग) उन 5 कार्यक्रम निष्पादकों जिन्होंने उन स्थानों जहां उन्हें स्थानान्तरित किया गया था, पर अभी तक अपना कार्यभार ग्रहण नहीं किया है, के ब्यौरे तथा तत्संबंधी कारण विवरण-II में दिए गए हैं।

विवरण-II

उन केन्द्रों की सूची जहां आकाशवाणी, दिल्ली में कार्यरत 11 कार्यक्रम निष्पादकों को वर्ष 1996 के दौरान स्थानान्तरित किया गया था।

क्र॰ सं॰	केन्द्र का नाम
1.	आकाशवाणी, जयपुर
2.	आकाशवाणी, उत्तर पूर्वी सेवा, शिलांग
3.	आकाशवाणी, बीकानेर
4.	आकाशवाणी, जालन्धर (2 कार्यक्रम निष्पादक)
5.	आकाशवाणी, अहमदाबाद।
6.	राष्ट्रीय चैनल, आकाशवाणी, दिल्ली (2 कार्यक्रम निष्पादक)।
7.	विदेशी सेवा प्रभाग, आकाशवाणी, दिल्ली।
8.	प्रतिलेखन तथा कार्यक्रम विनिमय सेवा निदेशालय, आकाशवाणी, दिल्ली।
9.	विज्ञापन प्रसारण सेवा, आकाशवाणी, दिल्ली।

विवरण - II

उन कार्यक्रम निष्पादकों की सूची जिन्होंने अभी तक उन स्थानों पर अपना कार्यभार ग्रहण नहीं किया है जहां उन्हें स्थानांतरित किया गया था तथा तत्संबंधी कारण

क्र॰ सं॰	नाम	तैनाती स्थल	स्थगन प्रदान करने के कारण
1.	श्रीमति मल्लिका बैनर्जी	आकाशवाणी, अहमदाबाद	10% मितव्ययिता कटौती के फलस्वरूप अक्तूबर/ नवम्बर, 1996 में आदेश जारी किए गए थे। चालू शैक्षणिक सत्र से संबंधित समस्याओं को ध्यान में रखते हुए आदेश को 30.4.97 तक स्थगित रखा गया।
2.	श्री आर॰ के॰ शर्मा	आकाशवाणी, जालन्धर	-उपर्युक्त-

क्र॰ सं॰	नाम	तैनाती स्थल	स्थगन प्रदान करने के कारण
3.	श्रीमति चित्रा निगम	आकाशवाणी, जालन्धर	10% मितव्ययिता कटौती के फलस्वरूप अक्तूबर/ नवम्बर, 1996 में आदेश जारी किए गए थे। चालू शैक्षणिक सत्र से संबंधित समस्याओं को ध्यान में रखते हुए आदेश को 30.4.97 तक स्थगित रखा गया।
		जालन्धर	
4.	श्री के॰ सी॰ वर्मा	आकाशवाणी, बीकानेर	-उपर्युक्त-
5.	श्री एस॰ सी॰ भाटिया	विज्ञापन प्रसारण सेवा, आकाशवाणी, दिल्ली	मौजूदा पदधारी के स्थानान्तरण के कारण हुई रिक्ति पर श्री एस॰ सी॰ भाटिया को विज्ञापन प्रसारण सेवा, आकाशवाणी, दिल्ली में कार्यभार ग्रहण करना था तथापि, प्रशासनिक कठिनाइयों के कारण मौजूदा पदधारी को 30.4.97 तक कार्यमुक्त करना संभव नहीं पाया गया है। ऐसे में, श्री भाटिया द्वारा 30.4.97 के पश्चात ही नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है।

दूरदर्शन पर दिखाए जाने वाले धारावाहिकों में अश्लीलता

394. **श्री रामजीलाल:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को दूरदर्शन पर दिखाए जा रहे धारावाहिकों में परिलक्षित अश्लीलता की जानकारी है जिसका लोगों, विशेषत: बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इसे रोकने हेतु अब तक क्या कदम उठाए हैं?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना प्रसारण मंत्री (श्री सी॰ एम॰ इब्राहीम): (क) दूरदर्शन धारावाहिकों सहित अपने सभी कार्यक्रमों का प्रसार से पहले पूर्वदर्शन करता है जिससे कि सरकार द्वारा बनाई गई प्रसारण संहिता के उपबंधों के अनुसार उनमें किसी प्रकार की अवांछनीय हिंसा अथवा अश्लीलता न हो।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

Increase of royalty rates by Doordarshan for documentaries and Programmes by private producers

395. SHRI JAYANT KUMAR MALHOUTRA: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Doordarshan has increased its royalty rates for documentaries and programmes produced by producers with their own finances and telecast on the Doordarshan network; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI C.M. IBRAHIM): (a) Yes, Sir.

(b) The details of the royalty rates effective from 27-01-1997 are given in the Statement.